दिल्ली पब्लिक स्कूल जम्मू

सत्र: 2024-25

अभ्यास कार्य पत्र (दिसंबर)

कक्षा: तीसरी **विषय: हिंदी**

उपविषय: अपठित गद्यांश, व्याकरण: सर्वनाम

निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

आजकल दिन-प्रतिदिन वृक्ष कट रहे हैं। जंगल साफ़ होते जा रहे हैं। इससे जंगली जानवरों का रहना कठिन हो गया है। पशुओं के लिए चरागाह की कमी होती जा रही है। पेड़ न रहने से वर्षा भी कम हो रही है। इससे ज़मीन के अंदर का जल कम होता जा रहा है। हमें साँस लेने के लिए शुद्ध हवा भी नहीं मिल पा रही है, क्योंकि हमें शुद्ध हवा पेड़ों से ही मिलती है। इसलिए हम सबको वृक्ष ज़रूर लगाने चाहिए।

प्र०1) निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए-

क) जंगल साफ़ क्यों होते जा रहे हैं?

ख) पशुओं के लिए किसकी कमी होती जा रही है?

प्र०2) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए -

क) वृक्ष - खुशी, पेड़

ख) कठिन- मुश्किल , मनुष्य

प्र०3) सही विकल्प चुनकर लिखिए-

क) हमें शुद्ध हवा कहाँ से मिलती है?

अ) पेड़ों से ब) फलों से स) खेतों से

<u>व्याकरण</u>

प्र०4) निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रिया शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए-

क) सचिन साइकिल ________ । **(2)**

ख) माही गाना ___________ ।

ग) एक बच्चा पुस्तक _________।

प्र०5) कोष्ठक में दिए शब्द का विलोम लिखकर रिक्त स्थान भरिए-

क हमें सभी का ________करना चाहिए । (बुरा)

ख) कुर्सी पर _________ कुरता रखा है। (सूखा)